हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 3 नवंबर 2025



तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

मानस गायन में जय भोलेनाथ मानस मंडली रिसदा ने मारी बाजी 4



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप में 200 पदों पर होगी भर्ती

**जांजगीर-चांपा**। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 7 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक सेफ इंटेलिजेंट सिक्युरिटी सर्विस रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पद, स्पेशल गार्ड 50 पद, सिक्युरिटी सुपरवाईजर 25 पद, लेबर 20 पद,फील्ड ऑफिसर 06 पद,सिक्युरिटी ट्रेनिंग (एस.ओ.) 03 पद, मार्केटिंग मैनेजर 02 पदों पर भती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 5वी से स्नातक व मार्केटिंग मैनजर पद हेतु एमबीए. निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 10000 से 20000 रु. प्रतिमाह दिया जावेगा। फिल्ड आफिसर, मार्केटिंग मैनजर, स्पेशल गार्ड, पद सिक्युरिटी ट्रेनिंग (एस.ओ.) हेतु अनुभवी आवेदको को प्राथमिकता दी जावेगी। चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र जिला रायपुर,भिलाई,दुर्ग,राजनांदगांव, डोंगरगढ छत्तीसगढ़ राज्य रहेगा।

### प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा पॉलिथीन का उपयोग

**शिवरीनारायण**। पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध के बाद भी शिवरीनारायण नगर में इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। हर जगह पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। किराना सामान खरीदना हो या फिर सब्जी, फल हों या अन्य सामग्री, हर जगह अमानक स्तर की पॉलीथिन उपयोग की जा रही है। नगर के सफाईकर्मी नगर से जो कचरा एकत्रित करते हैं,उनमें पॉलीथिन की मात्रा अधिक होती है। सफाई कर्मी यह कचरा जहां फेंकते हैं तो हवा से यह पॉलीथिन सड़कों पर पसरी हुई नजर आती है। दुकानदार रोक के बाद भी लगातार पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से कर रहें, जिसके कारण नगर के नालों से लेकर कचरे के ढेरों तक सिर्फ पॉलीथिन ही नजर आती है, लेकिन इसके बाद भी नगर में पॉलीथिन के उपयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। इधर दुकानदारों का कहना है कि पॉलीथिन का उपयोग तो सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इसका विकल्प वह अभी तक नहीं दे पायी है, जो विकल्प है भी वह काफी महंगा है। छोटे दुकानदारों के लिए जुट का थैला रखना संभव नहीं है।

### कलेक्टर ने विद्यालयों को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-सक्षम बनाने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा**। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ बच्चों में स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की आदतें विकसित करने का माध्यम हैं। प्रत्येक विद्यालय को हरित और स्वच्छ वातावरण का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विकासखण्ड से 20 विद्यालयों का चयन कर उन्हें 5-स्टार रेटिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। इस हेतु विद्यालयों में स्वच्छ शौचालय, रनिंग वाटर की व्यवस्था, भवनों का रंग-रोगन, सोलर पैनल की स्थापना, और स्वच्छ व हरित वातावरण सृजन जैसे आवश्यक संसाधन समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएं। जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा ने बैठक में बताया कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालयों द्वारा जल संरक्षण, शौचालय उपयोग, हाथ धुलाई, संचालन एवं रख-रखाव, व्यवहार परिवर्तन, निर्माण कार्य एवं मिशन लाइफ गतिविधियों के आधार पर स्व-मूल्यांकन कर पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया गया है।

राज्योत्सव का सांसद ने किया उद्घाटन, स्थानीय कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# विकास और आत्मनिर्भरता बनी छत्तीसगढ़ की पहचान: जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय समारोह का आगाज रविवार को सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 25 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व स्टॉल का अवलोकन किया। स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

राज्योत्सव पर शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में 2 नवम्बर को तीन दिवसीय जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ हुआ। राज्योत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर एकत्र हुए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने "सबका साथ, सबका विकास" की भावना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। उन्होंने केवल एक नया राज्य नहीं बनाया बल्कि छत्तीसगढ़ को नई पहचान और नई दिशा दी। छत्तीसगढ़ यह वही पवित्र भूमि है, जहा माता कौशल्या ने जन्म लिया, गुरु घासीदास बाबा ने सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। यह हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा की भूमि है और आज यह विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की पहचान बन चुकी है। सांसद ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ को विकास की राह में आगे ले जा रहे हैं विकसित भारत के सपने को साकार कर रहें है। कभी हमारे बच्चे उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश से बाहर जाया करते थे, लेकिन आज रायपुर और प्रदेश के हर कोने में उच्च शिक्षण संस्थान खुल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी रायपुर से करोड़ों के विकास कार्यों का शुभारंभ और भूमिपूजन किया है। यह केवल परियोजनाए नही बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्वल भविष्य के मील के पत्थर हैं। वर्तमान में प्रदेश में विकास की गति तेज हुई है,और जनता के जीवन में सुख-समृद्धि आई है। आज हमारा छत्तीसगढ़ विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है। हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारे प्रयास मिलकर इस राज्य को शक्ति, समृद्धि और स्वाभिमान का प्रतीक बना रहे हैं। कार्यक्रम को जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप और पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, इंजी. रवि पांडेय, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वन मंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित थे।



दीप प्रज्जवलन कर तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करती सांसद।

### स्टाल में दिखी 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की प्रगति और विकास की विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों ने प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, ग्रामोद्योग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, उद्यानिकी, मछली पालन, पशुधन विकास, पुलिस विभाग, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, पुलिस विभाग, जनसंपर्क विभाग, आयुष्मान भारत और श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

### लोकरंग अर्जुन्दा के कार्यक्रम के साथ होगा समापन

राज्योत्सव का समापन 4 नवंबर को होगा। इस दौरान प्रतिदिन शाम 4 बजे से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 से 6 बजे तक शालेय छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसके बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं रात में राज्य स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।राज्योत्सव के दूसरे दिन 3 नवम्बर को रात्रि 8 बजे से लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी लोक गायक सुनील सोनी की प्रस्तुति होगी। वहीं अंतिम दिन 4 नवम्बर को रात्रि 8 से 9 बजे तक बॉलीवुड बैंड बिलासपुर का कार्यक्रम तथा रात्रि 9 से 10 बजे तक छत्तीसगढ़ी कलामंच लोकरंग अर्जुन्दा की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।



# दर्जन भर से अधिक रेलवे समपार में ओव्हर व अंडरब्रिज की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेल प्रशासन द्वारा सभी फाटक एवं समपार को बंद करके वहां आरओबी अथवा अंडरब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। पांच साल पहले शुरू की गई इस योजना के तहत वर्ष 2024 तक सभी फाटक में ब्रिज निर्माण का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में कोटमीसोनार से सक्ती तक दर्जन भर से अधिक फाटक में ब्रिज निर्माण का काम होना है, लेकिन अकलतरा, चांपा, खोखसा व सकरेली में ही यह कार्य पूर्ण हो पाया है, बाकी के जगहों पर जहां बड़े ओव्हरब्रिज निर्माण का कार्य आधा अधूरा है तो वहीं छोटे फाटक अथवा समपार में ओव्हर या अंडरब्रिज का काम शुरू तक नहीं हो सका है।

- रेलवे द्वारा 2024 तक सभी फाटक को सुगम बनाने का था प्लान

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के रेलवे प्रशासन विभाग के द्वारा फाटक को पूरी तरह बंद करके उसके स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज अथवा अंडरब्रिज बनाया जाना है, ताकि आने जाने वाले वाहन चालक समेत आम लोगों को कोई परेशानी ना हो। इसके लिए वर्ष 2020 में कार्य योजना तैयार की गई थी और 2024 तक फाटक पर ओव्हर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनाना था। इधर इस कार्य योजना पर अब तक अमल नहीं हो सका है। ऐसे में जान जोखिम में डालकर लोग बंद फाटक से आवागमन करते हैं। इसके कारण हादसों का अंदेशा बना रहता है। विभागीय जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले को मिलाकर दर्जनभर से अधिक रेलवे फाटक है। इनमें प्रमुख रूप से कोटमी सोनार, रेलवे फाटक कापन, नैला, बाराद्वार, जेठा, सक्ती रेलवे फाटक एवं लटिया में रेलवे फाटक को बंद करने की दरकार है। जबकि देखा जाए तो बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर समेत कोटा एवं पेंड्रा सहित इस मार्ग के कई रेलवे फाटक को काफी पहले ही बंद किया जा चुका है, लेकिन जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में फाटक बंद करने की दिशा में पहल नहीं हो रही है। ऐसे में जान जोखिम में डालकर लोग बंद फाटक से आवाजाही भी करते हैं।

#### चल रहा कार्य

जिले में सभी रेलवे फाटक को बंद कर ओव्हरब्रिज या अंडरब्रिज बनाया जाना है। इस पर काम चल रहा है। लक्ष्य पूरा करने का समय बढ़ाया गया है।

-अंबिकेश साहू,
जनसंपर्क अधिकारी
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर

### देवरी में हादसे रोकने की कवायद...




**जांजगीर-चांपा**। पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में नदी में डूबने से लोगों की मौत को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह पर चेतावनी के बोर्ड लगवाएं है। फोटो : हरिभूमि

# डिजिटल सर्वे में रकबा कटौती, दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

डिजिटल सर्वे में किसानों के रकबे में कटौती हो गई है। इससे किसान परेशान है। धान कटाई के समय काम छोड़कर किसान रकबा सुधार करवाने पटवारी कार्यालय और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे है।

- देवरी और कटनई के किसानों ने खेत के खसरा में धान दर्ज करने की मांग

फसल का डिजिटल सर्वे किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। क्षेत्र के किसान रकबा कटौती होने से परेशान है। गौरव ग्राम कटनई एवं देवरी के किसानों के द्वारा अपने खेत का खसरा को चेक करने पर पटवारी के द्वारा धान के खेत में धान का सही रकबा दर्ज किया गया है परंतु शासन के द्वारा डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कराया जा रहा है डिजिटल सर्वे के कार्य में लगे कर्मचारियों के द्वारा मनमाने ढंग से फसल विवरण चढ़ाया जा रहा है। गांव के किसानों के खेत में जो कटनई एवं ग्राम देवरी में खेत स्थित है जिसमें किसानों के खेत के खसरा में धान का रकबा दर्ज करना चाहिए परंतु डिजिटल सर्वे के कार्य में लगे हुए लापरवाह कर्मचारियों के द्वारा धान के फसल के स्थान पर अन्य फसल दर्ज किया गया है एवं धान के रकबा को शून्य रकबा लिख दिया गया है। किसान फिरतु राम कश्यप,किसान चंद्रिका कुमार कश्यप, किसान कोमल प्रसाद कश्यप, किसान योगेशधर दीवान, किसान श्रीमति शैल दीवान किसान सुखेंद राम कश्यप,किसान भागवत कश्यप, किसान प्रफुल्ल दीवान के धान के रकबे में बहुत गड़बड़ी हुई है जिसके कारण किसान पटवारी ऑफिस तहसील ऑफिस एवं समिति का चक्कर काट रहे हैं। किसान के खेत में धान लगा हुआ है परंतु डिजिटल सर्वे करने वाले कर्मचारियों के द्वारा धान नहीं लिखा जा रहा है। धान के खेत में धान नहीं लिखने से धान बेचने से वंचित रह जाने के कारण किसान अपने आप को ठगा एवं असहाय महसूस कर रहे हैं। किसानों ने शासन प्रशासन से कर्मचारियों को निर्देश देकर धान के रकबे को डिजिटल सर्वे में दर्ज करने की मांग की है ताकि धान के किसान अपने धान को बेचने से वंचित न रहे। किसानों का कहना है कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि धान के सर्वे कार्य में डिजिटल सर्वे भौतिक सत्यापन की सत्यता स्पष्ट हो जाने पर ही धान खरीदी की जाए। इस स्थिति में धान के किसान को बहुत नुकसान हो रहा है।



# शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा**। शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले युवक को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी से पीड़िता का जान पहचान होने से एक दूसरे को बातचीत करते थे। इसी बीच आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर कार में घुमाने ले जाने के बहाने सुनसान जगह ले जाकर पीड़िता के साथ जबरन अनाचार किया। पीड़िता शादी करने के लिए बोली तो आरोपी द्वारा टालमटोल करते हुए मना कर दिया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा मे अपराध क्रमांक 563/2025 धारा 64(2)(एम) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में आरोपी करन केवट उम्र 20 वर्ष निवासी खैरा (लगरा) थाना सीपत जिला बिलासपुर कोसीपत बिलासपुर तरफ से पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से धारा 64(2) (एम) बीएनएस के तहत की गई कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### जर्वे-पिसौद मार्ग जर्जर

**जांजगीर-चांपा**। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने शीघ्र ही सड़क मरम्मत की मांग की है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जिम्मेदारों को नहीं आया झालर लगाने का ध्यान

# राज्य स्थापना की रजत जयंती पर अंधेरे में डूबा एसडीएम व तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस के 25 साल पूरा होने पर 1 नवंबर को पूरे छत्तीसगढ़ में रजत जयंती के रुप में मनाया गया। इसके लिए सभी शासकीय कार्यालय को झालर से रोशन किया जाना था। ब्लॉक मुख्यालय के जनपद पंचायत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रोशन करने के लिए झालर लगाया गया है लेकिन ब्लॉक मुख्यालय के सबसे बड़े कार्यालय एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में झालर लगाना जरूरी नहीं समझा गया।

राज्य स्थापना के दिन सक्ती जिले के मालखरौदा में स्थित सभी सरकारी दफ्तर रंग बिरंगे विद्युत झालर से जगमगाते रहे। वहीं दूसरी ओर एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय 1 नवंबर और 2 नवंबर को भी अंधेरे में डूबा रहा। जिम्मेदार अधिकारियों को इस और झांकने की फुर्सत नहीं थी। जिसने भी तहसील और एसडीएम कार्यालय को देखा उसने जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए। राज्योत्सव पर 31 अक्टूबर के शाम से ही 5 दिनों तक सभी कार्यालय में झालर लगाकर रोशन किए जाने का पहले ही निर्देश हो चुका था। इसके बावजूद तहसील और एसडीएम कार्यालय में रौशनी नहीं होने की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। इस संबंध में जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिकारियों के रवैया को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने तहसील व एसडीएम कार्यालय में रजत जयंती वर्ष पर झालर नहीं लगाने को लापरवाही करार दिया।जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि एसडीएम एवं तहसील कार्यालय में झालर नहीं लगवाना अधिकारियों की उदासीनता को उजागर कर रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**-इस संबंध में अनुविभागी अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल का कहना है कि झालर नहीं लगा है तो इस बारे में जानकारी ली जाएगी। वहीं तहसीलदार अनुज पटेल ने भी जानकारी लेकर कुछ बताने की बात कही।



अंधेरे में डूबा तहसील व एसडीएम कार्यालय।

# लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शराब खरीदने गए युवक से नगदी एवं मोबाइल की लूटपाट करने वाले अपचारी बालक सहित 3 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चाम्पा थाना का है।

इस संबंध में चाम्पा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 29 अक्टुबर की है। सक्ती जिले के ग्राम मोहंदीखुर्द निवासी सोनू सिदार ने चाम्पा थाना में रिर्पोट दर्ज कराया कि वह एडवांस कंम्प्युटर सक्ती में सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य करता है। वह अपने दोस्त लक्ष्यद्वीप के साथ चाम्पा बारात में आया था। वही दोपहर के करीब 3 बजे नया बस स्टैंड के पास स्थित शराब दुकान में शराब लेने के लिए गया था। इस दौरान तीन लड़के बाइक में पहुंचे और मारपीट कर सोनू से 3 हजार 500 सौ एवं लक्ष्यद्वीप से 1 नग मोबाइल लुट करके फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियो की पतासाजी में जुट गई। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन लडके एक बाइक में आते दिखे। पुलिस के द्वारा बाइक नंबर के आधार पर चाम्पा के भोजपुर एवं शंकर नगर सहित अन्य स्थानों पर जाकर एक नाबालिग सहित तीन आरोपियो को संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियो ने लुटपाट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी भोजपुर चाम्पा निवासी रितिक सिंह पिता अजय सिह उम्र 22 वर्ष एवं शंकर नगर चाम्पा निवासी तुषार बरेठ पिता संतोष बरेठ उम्र 18 वर्ष एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### पांच कुंडीय महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती शुरू

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित 5 कुण्डीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती का शुभारंभ शनिवार की सुबह वैदिक रीति से हुआ। सुबह 9 बजे से कलश शोभायात्रा के साथ शुरु हुआ। कलश शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किये हुए थे। यात्रा श्री शिवमंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मां सर्वमंगला घाट पहुँची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना एवं ज्योत प्रज्वलन कर पूजन-हवन प्रारंभ हुआ। 2 नवम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक वैदिक पूजन और यज्ञ का क्रम जारी रहेगा। इसी तरह 3 नवम्बर को सुबह वैदिक शुभ यज्ञ और हवन, दोपहर में सत्संग कार्यक्रम तथा शाम को दीपदान किया जाएगा। 4 नवम्बर को प्रातः 9 बजे वेदी पूजन एवं हवन का कार्यक्रम रखा गया है। 5 नवम्बर को कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे हवन पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं आरती विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया है एवं शाम 5 बजे हसदेव महाआरती की जाएगी।

### छात्राओं को किया गया निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण



**कोरबा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुमेधा में कक्षा नवमी की 23 छात्राओं को योजना के तहत वार्ड 55 के पार्षद किशन केवट के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद किशन ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं अब समय पर विद्यालय पहुँच पा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष व वार्ड क्र 55 के पार्षद किशन के साथ हुलसी प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति अनिल गिरी, लखन सिंह, अभय कुर्रे, गीता मुंवर, हीरा पटेल, संस्था प्रमुख सौरभ जकारिया, प्राचार्य, समस्त व्यवस्थापक एवं स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एसईसीएल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मियों को शुक्रवार को मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने निदेशक (वित्त) डी.सुनील कुमार एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में नवनीत श्रीवास्तव महाप्रबंधक (खनन) मानव संसाधन विभाग, चंद्र कुमार पाठक महाप्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, जयंत कविराज वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, तापस कुमार सरकारकार्यालय अधीक्षक विक्रय विपणन विभाग, श्रीमती संगीता तिवारी कार्यालय अधीक्षक एनईई विभाग, कुमार रॉयचौधरी सुपरवाईजर ईएंडटी विभाग शामिल रहे।

### झाड़ी में मिला नवजात शिशु, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में एक नवजात शिशु मिलने की खबर आग की तरह फैल गई। पूरा मामला ग्राम कसरेंगा का है। जहां उस उक्त हड़कंप मच गया जब नरेन्द्र यादव के बाड़ी में एक बच्चे की रोने की आवाज आने लगी, तब नरेन्द्र यादव की मम्मी को लगा की कुत्ते ने बच्चा दिया होगा, लेकिन रोने की आवाज लगातार आने लगी तब जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। नरेन्द्र के द्वारा सरपंच शिव गणेश को सूचना दिया गया। जिसके बाद तत्काल बांकीमोंगरा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बांकीमोंगरा पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ नवजात शिशु का इलाज शुरू किया गया। वर्तमान में चिकित्सकों की टीम नवजात शिशु के उपचार में जुटी हुई है। मामले में कटघोरा बीएमओ रंजना तिर्की ने बताया कि उक्त शिशु का प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला मेडिकल कालेज रेफर किया जा रहा है। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है की लोक लाज की डर से निर्मोही माँ ने नवजात शिशु को फेक दिया है।

### सड़क हादसे में कार सवार चार लोग घायल, अस्पताल दाखिल

# एनएच पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, एक युवक की मौत




दुर्घटनाकारित कार व घटना स्थल पर एकत्रित भीड़।



अस्पताल में दाखिल घायल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुतर्रा के पास एनएच 31 पर एक तेज रफ्तार बलेनो कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुतर्रा के समीप एनएच 31 में लगा डिवाइडर लगातार हादसों का कारण बनते जा रहा है। डिवाइडर की वजह से कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं। शनिवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग खैरागढ़ से अंबिकापुर जा रहे थे। मृतक की पहचान विजय वर्मा 29 वर्ष पिता केदार वर्मा निवासी भवनी जिला खैरागढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विजय की शादी को मात्र एक साल ही हुआ था और शादी की पहली सालगिरह से ठीक पहले ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में घायल लोगों की पहचान तिलेश्वर वर्मा 32 वर्ष, निवासी भवनी (खैरागढ़), मकुंदी वर्मा 49 वर्ष, अशोक वर्मा 35 वर्ष निवासी जामुल भिलाई और संजय वर्मा 35 वर्ष निवासी बोईरडीह के रूप में हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तिलेश्वर की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा के पास बिलासपुर-कटघोरा एनएच 31 पर हुआ। बताया जा रहा है कि जहां यह दुर्घटना हुई, वहां डिवाइडर के कारण सड़क बंद है और इसी स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात पुलिस ने एनएच और नाका प्रबंधन को डिवाइडर हटाने के लिए पत्राचार किया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल घटना की सूचना पर कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई में जुट गई है। वहीं मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आधी रात बंधक बनाकर मामा-भांजे की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टायर फैक्ट्री में सेल्समैन का काम करने वाले पर चोरी करवाने का इल्जाम लगाकर मारपीट करने और बंधक बनाने का मामला सामने आया है। फैक्ट्री के मालिक और अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

प्रार्थी इमरान भारती पिता कुदुस उम्र 32 वर्ष निवासी कुंआभट्ठा टायर की खरीदी बिक्री का काम करता है। पीड़ति ने सिविल लाइन थाना रामपुर में शिकायत दर्ज करायी है कि अंकुश आग्रवाल का टायर का फैक्ट्री सलोरा में स्थित है, जहां वह टायर की सप्लाई का कार्य करता है। उसके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक 27 अक्टूबर की रात्रि 11 बजे कॉल करके अंकुश अग्रवाल के द्वारा उस पर टायर चोरी का आरोप लगाया गया। उसके बाद 28 अक्टूबर को रात्रि लगभग 1.30 बजे इमरान के व्हाट्सअप ग्रुप में अंकुश अग्रवाल द्वारा मैसेज किया गया कि मेरे ऑफिस में आओ और अपने आपको सही साबित करो कि आपने टायर चोरी नहीं करवाया है। अंकुश अग्रवाल ने मैसेज कर कहा कि चांद, नसीम, राजा, सब लोग ऑफिस में आओ और अपने आपको सही साबित करो कि आपने टायर चोरी नहीं करवाया है और सब अगर ऑफिस में नहीं आये तो तुम्हारा बचा हुआ पैसा नहीं मिलेगा। इसके पश्चात आरिफ जो कि टायर का कार्य करता है उसका फोन आया और उसने कहा कि, अंकुश भैया कोसाबाड़ी, इंडस्ट्रीरियल एरिया वाले ऑफिस में बुला रहे हैं। फिर प्रार्थी अपने भांजा राजा को लेकर कोसाबाड़ी इंडस्ट्रीरियल एरिया अंकुश अग्रवाल के ऑफिस पहुंचा तो पहुंचते ही अंकुश अग्रवाल और उसके अन्य साथी लोग मारपीट, गाली-गलौच करने लगे और इमरान पर यह आरोप लगाने लगे कि सलोरा फैक्ट्री से टायर की चोरी होती थी। इस बात की जानकारी तुमको थी और तुम लोगों ने मुझे नहीं बताया जिससे लाखों का नुकसान हुआ है, अब मैं तुम्हारा पैसा नहीं दूँगा। ऐसा कहते हुए लगभग 2 घंटा तक इमरान व उसके भांजा राजा के साथ बंधक बनाकर मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। इस दौरान इमरान के पास रखे हुए 4 हजार 900 रूपये को भी अंकुश अग्रवाल के साथ मारपीट करने वाला युवक इमरान के जेब से निकाल लिया गया एवं जबरन और मारने की धमकी देते हुए मोबाईल में वीडियो बनाकर जबरदस्ती कबूल करवाया गया कि पिछली जितनी भी चोरी हुई है, उसका हर्जाना भरने की धमकी दी गई। इमरान के मुताबिक उसने डरकर बयान दिया।

## छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जोहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा अग्रवाल समाज के अग्रज महाराजा अग्रसेन भगवान की मूर्ति को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बीच दर्री जमनीपाली के अग्रवाल समाज के लोंगो ने नाराजगी जताई है और अमित बघेल के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर दर्री थाना में ज्ञापन सौंपा गया।

**खास बातें**

- दर्री जमनीपाली अग्रवाल समाज ने दर्री पुलिस को सौंपा ज्ञापन
- अग्रवाल समाज के अग्रज महाराज की मूर्ति को लेकर की गई मर्यादित टिप्पणी का मामला




ज्ञापन सौंपते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

समाज के अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल ने कहा कि अमित बघेल के इस अपमान जनक बयान से प्रदेश भर में अग्रवाल और सिंधि समाज मे गहरी नाराजगी है। इस बयान से न केवल अग्रवाल व सिंधी समाज बल्कि पूरे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। उनका यह कथन धार्मिक अराजकता फैलाने और आपसी भाईचारा को समाप्त करने की साजिश का हिस्सा माना जा सकता है। सचिव मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन भगवान प्रभु श्रीराम के 35वीं पीढ़ी के वंशज थे। ऐसे महान महापुरूषों के बारे मे कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। अमित बघेल ऐसे बयानबाजी कर विवादों की सुखियों में बने रहना चाहते हैं। हम हमारे अग्रज भगवान अग्रसेन पर अमर्यादित व अपमानजनक बयानबाजी बर्दास्त नहीं करेंगे। इसलिए आज हमने अमित बघेल के खिलाफ धार्मिक विश्वास का अपमान करके धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण बयानबाजी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने के लिए दर्री थाना में ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बैजनाथ गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राकेश सिंघानिया, संजय पोद्दार सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आधार कार्ड में सुधार के लिए 10 दिन की डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एडमिशन के समय जिन कॉलेज स्टूडेंट्स के प्रमाण पत्रों एवं आधार पहचान पत्र में नाम अलग पाए गए थे, उन्हें वांछित सुधार कर जानकारी अपडेट करने महाविद्यालयों को 10 दिन का वक्त दिया गया है। इस अनिवार्य प्रक्रिया को पूर्ण कर जानकारी अपडेट करने के लिए कॉलेजों को 10 नवंबर की डेडलाइन दी गई है अन्यथा की स्थिति में संबंधित विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकेंगे।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध सभी महाविद्यालयों को एक पत्र जारी किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीयन के दौरान कुछ विद्यार्थियों के नाम की जानकारी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में भिन्न होने के कारण बिना एबीसी आईडी पंजीयन के संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा छात्रहित में तात्कालिक रूप से प्रवेश दे दिया गया। पर सभी स्टूडेंट्स के शैक्षिक दस्तावेज एवं आधार कार्ड के नाम में एकरूपता होना अनिवार्य है। इस विषय पर पूर्व में भी 30 सितंबर तक नाम में सुधार कर पोर्टल पर अपडेट कराए जाने निर्देशित किया गया था। परंतु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सुधार कार्य नहीं करवाया गया है।


**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, थॉयराइड सर्जरी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


## कोयला कामगारों को कोल इंडिया का तोहफा, महंगाई भत्ते में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साल का अंतिम माह दिसंबर कोयला कर्मियों के लिए अच्छी खबर लेकर आ रहा है। नॉन एक्जीक्यूटिव (गैर कार्यकारी) कर्मचारियों का परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) 2.4 में प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इस वृद्धि से वीडीए 21.2 प्रतिशत से बढ़कर 23.6 प्रतिशत हो जाएगा। भुगतान अवधि 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 के लिए होगी। हर तीन महीने में कामगारों के वीडीए में संशोधन किया जाता है। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 की अगली तिमाही में कोयला कामगारों को 23.6 फीसदी परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मिलेगा। यह 1 दिसंबर 2025 से प्रभावी होगा। इसका आदेश कोल इंडिया से जारी किया जा रहा है है। पिछले तिमाही से 2.4 फीसदी महंगाई भत्ता में वृद्धि हुई है। इससे कोयला कर्मियों के वेतन में न्यूनतम 740 रुपए से लेकर अधिकतम साढ़े चार हजार रुपए तक की वृद्धि प्रतिमाह होगी। करीब सवा दो लाख कोयला कामगारों को लाभ मिलेगा। कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी (नॉन-एक्जीक्यूटिव) कर्मचारियों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) हर तीन महीने में संशोधित किया जाता है। यह अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई) से जुड़ा होता है।

### विद्युत तार की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत

**कोरबा।** करंट की चपेट में आने से ठेका श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम सुदर्शन सिंह उर्फ कालू 35 वर्ष पिता स्व.करतार सिंह अटल आवास शारदा विहार का निवासी था, जो साई गोविंद कंपनी ठेका कंपनी में राताखार में कार्यरत था। जहां ठेकेदार ने अपने निजी काम से श्रमिक को अपने घर भेजा था। परिजनों ने पूरे मामले में ठेकेदार की लापरवाही बताई हैं, उन्होंने बताया कि सुखदर्शन कार्य के दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

## एसईसीएल मुख्यालय में मनाया गया कोल इंडिया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को 51वां कोल इंडिया स्थापना दिवस एवं 25वां छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम का मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना एन फ्रैंकलिन जयकुमार और विशिष्ट अतिथि निदेशक वित्त डी. सुनील कुमार उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधि, महिला कर्मचारी और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ राज्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोल इंडिया ने अपने स्थापना काल से ही देश को ऊर्जा आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने सरल और कर्मठ



निवासियों के बल पर बहुआयामी विकास की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में एसईसीएल का योगदान उल्लेखनीय है। गेवरा और कुसमुंडा जैसी विश्व की प्रमुख खदानें इसी धरती पर स्थित हैं, जो छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं का प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एसईसीएल न केवल कोयला उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में भी स्थानीय निवासियों के लिए अनेक सामाजिक कार्य कर रही है।


**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932 OF M/S SURYA ROAD LINES JANJGIR**

Eight Partner are retired from Firm Namely Arun Kedia, Ramesh Kumar Singh, Rishikanat Singh, Ravikant Singh, Ashok Kumar Agrawal, Rekha Agrawal lakhan Jaiswal, & Bharat lal Jaiswal & Awadhesh Kumar Singh are retired from Firm on dated 18-10-2025 and due to need of Funda and Transport work business become unmanageable so balance two partner decided to admitted Nine New Partners Namely Sacchidanand Singh, Adarsh Singh, Munni Devi Singh, Anil Singh, UmashankarYadav, Vedansh Tiwari, Gautam Tiwari, Ajay Pal Singh & Vijay pal Singh in a New partnership
Deed on dated 18-10-2025

Sd
RAVINDRA KUMAR MAHOBIYA
SURYA ROAD LINES
JANJGIR



# नेटफ्लिक्स पर दिखाई देगी कपूर खानदान की विरासत

**मुंबई।** बॉलीवुड सिनेमा के सबसे चर्चित परिवारों में शामिल, कपूर खानदान की विरासत अब हर किसी की आंखों के सामने होगी। नेटफ्लिक्स पर 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी कर दी गई है। निर्माताओं ने 31 अक्टूबर को आगामी डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर जारी किया है, जिसमें रणधीर कपूर, बबीता कपूर, नीतू कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर और रणबीर कपूर समेत, परिवार के सभी सदस्यों को देखा जा सकता है। आइए जानते हैं 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख। नेटफ्लिक्स ने कपूर खानदान पर बनी डॉक्यूमेंट्री, 'डाइनिंग विद द कपूर्स' की रिलीज तारीख जारी करते हुए लिखा, 'कपूर खानदान का लंच इनवाइट आ गया है, और आप भी आमंत्रित हैं।

लाइफ Style



# भूमि

## 'महाकाली' बनकर फिल्म में दिखाएंगी रौद्र रूप

मशहूर फिल्म निर्देशक प्रशांत वर्मा ने 'हनुमान' और 'मिराई' जैसी बेहतरीन फिल्मों से अभिनेता तेजा सज्जा को, सुपरहीरों के रूप में पेश किया था। अब वह अपनी अगली महिला सुपरहीरो फिल्म 'महाकाली' को लेकर चर्चा में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, जिसमें मुख्य किरदार भूमि शेट्टी निभा रही हैं। निर्माताओं ने शुक्राचार्य के रूप में अक्षय खन्ना की झलक दिखाने के बाद, नायिका भूमि के चेहरे से पर्दा उठा दिया है। 'महाकाली' से चर्चा बटोर रहीं भूमि का असली नाम, भूमिका शेट्टी है, जो कर्नाटक के करावली में स्थित कुंडापुरा की रहने वाली हैं। वह पेशे से अभिनेत्री हैं, जिन्हें तेलुगु सीरीज 'निन्ने पेल्लादथा' और कन्नड़ सीरीज 'किन्नारी' में देखा गया है। साल 2021 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म 'इक्कत' से सिनेमा में कदम रखा था। आखिरी बार उन्हें विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' में देखा गया है। भूमि 'बिग बॉस कन्नड़' की प्रतियोगी भी रह चुकी हैं। निर्देशक प्रशांत ने 'महाकाली' के बारे में अपडेट देते हुए बताया है कि इसकी कहानी बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में की जा रही है। फिल्म का स्क्रीनप्ले और कहानी, यह दोनों काम प्रशांत ने खुद किए हैं। बताया जाता है कि 'महाकाली' को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में डब किया जाएगा। भूमि और अक्षय के अलावा, इस फिल्म के अन्य किरदारों और रिलीज तारीख का खुलासा होना बाकी है।

हॉलीवुड मसाला



# लोगों के दिमाग में मचा दी खलबली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों के साथ आजकल कोरियन फिल्में भी ओटीटी पर ट्रेंड कर रही हैं और लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं। वहीं आज हम आपको साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'द विच' के बारे में बताने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी ने कई लोगों को चौंका दिया था क्योंकि कोरियन फिल्में अक्सर रोमांस पर आधारित होती थीं। मगर इस एक थ्रिलर फिल्म ने सभी को गलत साबित कर दिया था। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर एंजॉय कर सकते हैं।



# 'द कॉन्ज्यूरिंग' में डर की दहशत से फिर लड़ेंगे एड और लॉरेन वॉरेन

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में डर से दहशत फैला चुकी हॉलीवुड सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंग' से जुड़ा ताजा अपडेट आया है, जो भूतिया फिल्मों के दीवानों को उत्साहित कर देगा। वार्नर ब्रदर्स और न्यू लाइन ने मिलकर 'द कॉन्ज्यूरिंग' के प्रीक्वल पर काम शुरू कर दिया है, जिससे साफ है कि कॉन्ज्यूरिंग की दुनिया आपका पीछा अभी नहीं छोड़ेगी। दरअसल, प्रीक्वल के जरिए फिल्म निर्माता प्रसिद्ध पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन के शुरुआती दिनों को फिल्मी पर्दे पर दर्शाना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द कॉन्ज्यूरिंग' का प्रीक्वल बनाने के लिए शॉर्ट फिल्म निर्देशक रॉड्रिग हुआर्ट, इस फिल्म का निर्देशन करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म के सह-लेखक इयान गोल्डबर्ग प्रीक्वल की कहानी लिखने के लिए वापस आ रहे हैं।



# प्रियंका सिर्फ अपने बारे में सोचती हैं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दुनियाभर में शोहरत और कामयाबी हासिल की है। अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर वह हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। इस बार वजह कुछ अलग है, क्योंकि प्रियंका के बारे में एक अभिनेत्री ने कुछ ऐसा कह दिया है जिससे पूरे सिनेमा जगत में हलचल मच गई है। ये कोई और नहीं, बल्कि भारतीय मूल की हॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता केसवानी हैं। मुंबई में जन्मीं श्वेता अभिनेत्री होने के अलावा, मॉडल और डांसर हैं, जिन्होंने दुनियाभर में पहचान हासिल की है। उन्हें भारतीय टीवी शो 'बा बहू और बेबी' में देखा गया था। इसके अलावा, श्वेता 'किस देश में निकला होगा चांद', 'कहानी घर घर की' जैसे शो का हिस्सा रही हैं। करीब एक दशक से अभिनेत्री अमेरिका में रह रही हैं और वहीं काम कर रही हैं।



# 'रोई रोई बिनाले' ने रिलीज होते ही तोड़ा रिकॉर्ड

**मुंबई।** जुबीन गर्ग का पिछले महीने 19 सितंबर को सिंगापुर में तैराकी के दौरान निधन हो गया था। इस हादसे के करीब एक महीने बाद गायक की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। उनके चाहने वालों के लिए यह बेहद भावुक कर देने वाला क्षण है। लोग नम आंखों से फिल्म देखते हुए जुबीन को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। 'रोई रोई बिनाले' भारत के 46 शहरों में एक साथ रिलीज हुई है, जिसे 800 स्क्रीन मिली है। जुबीन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' को असम के करीब 80 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। दिलचस्प बात ये है कि राज्य में पहली बार सुबह 4:25 बजे फिल्म का शो रखा गया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। जगीरोड का गणेश टॉकीज और नलबाड़ी के तिहू का गांधी भवन, कई साल से बंद पड़े यह कुछ ऐसे सिनेमा हैं।

टीवी मसाला



# सलमान खान के 'बिग बॉस 19' में नई नागिन का होगा दीदार

**मुंबई।** एकता कपूर के सुपरनैचुरल टीवी शो 'नागिन 7' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई जानना चाहता है कि नागमणि की रक्षा की जिम्मेदारी इस बार किस अभिनेत्री को सौंपी गई है। बरहाल, यह इंतजार अब खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने 'नागिन 7' का नया प्रोमो जारी करते हुए बताया है, कि वह कब और कहां नई नागिन के दर्शन कराएंगे। निर्माताओं ने इस खुलासे के लिए सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' को चुना है।

## निर्माताओं ने 'नागिन 7' का प्रोमो किया जारी

'नागिन 7' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर नया प्रोमो वीडियो जारी किया है। इसके साथ कैप्शन दिया, 'खत्म होने वाला है इंतजार, नागिन की पहली झलक देखने हो जाइए तैयार! देखिये नागिन की पहली झलक, बिग बॉस 19 में, 2 नवंबर को रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे रंग बराबर।' काफी समय से चर्चा है कि 'उडारियां' अभिनीत अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी, 'नागिन 7' में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाएंगी। इसका खुलासा जल्द हो जाएगा।

## बसीर ने बताई नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह, किया ये खुलासा

'बिग बॉस 19' से बेघर होने के बाद बसीर अली लगातार इंटरव्यू दे रहे हैं। उन्होंने शो के मेकर्स पर आरोप लगाया कि उन्हें जानबूझकर शो से बेघर किया गया। इस बीच देखा गया कि बसीर ने अपने साथ बेघर हुईं नेहल चुडासमा को इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है। दोनों के रोमांटिक एंगल ने सभी का ध्यान खींचा था। खुद सलमान खान दोनों को चिढ़ाते नजर आए थे। अब बसीर ने नेहल से दोस्ती तोड़ने की वजह बताई है। एक इंटरव्यू में, बसीर ने कहा कि वह नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं और उनसे नाराज हैं।



'कुंडली भाग्य' अभिनेता ने कहा, मैंने नेहल की कुछ क्लिप देखी, जहां खुद को मेरा दोस्त बताने के बावजूद, उसने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। जब फरहाना, जो मेरी दोस्त थी, ने मेरे लिए अप्रिय बातें कहीं तो नेहल चुप रही। ये काहे की दोस्ती है? बसीर ने साफ कहा कि वह, नेहल से दूरी बनाकर रखना चाहते हैं। बसीर की मां ने नेहल के साथ उनके लव एंगल पर रूखी प्रतिक्रिया दी थी, इस बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, मेरी मां ने बताया कि उन्हें मेरे और फराहना के पल काफी मनोरंजक लगे, लेकिन जब बात नेहल के साथ मेरे रिश्ते की आई, तो मेरी मां को वह एंगल बहुत नकारात्मक लगा।

# 'द गर्लफ्रेंड' का ट्रेलर सोचने पर मजबूर कर देगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना पिछले काफी समय से फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म की झलकियों ने पहले ही इसे लेकर उत्साह बढ़ा दिया था, वहीं अब इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'थामा' की डरावनी दुनिया के बाद अब रश्मिका दिल के जज्बातों, कशमकश और रिश्तों के उतार-चढ़ाव से जुड़ी एक सोचने पर मजबूर कर देने वाली प्रेम कहानी के साथ पर्दे पर लौट आई हैं।



***एक उलझी हुई प्रेम कहानी :*** फिल्म के ट्रेलर में रश्मिका और उनके हीरो दीक्षित शेट्टी के बीच एक उलझी हुई प्रेम कहानी देखने को मिल रही है। यहां रश्मिका का किरदार एक परेशान करने वाले सवाल से जूझता है कि क्या वो वाकई अपने बॉयफ्रेंड से प्यार करती है या सिर्फ उसके होने के ख्याल से प्यार करती है? कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कभी-कभार हमें इंसान से नहीं, बल्कि उसके साथ जुड़ी कल्पना या एहसास से मोह हो जाता है।

***छा गए रश्मिका और दीक्षित :*** ट्रेलर की शुरुआत में रश्मिका और दीक्षित एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए नजर आते हैं। दोनों के बीच खुशियों भरे पल दिखाए गए हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद माहौल बदल जाता है। उनके बीच आपसी मतभेद बढ़ जाते हैं। ट्रेलर के अंत में रश्मिका का किरदार खुद से ये सवाल पूछता है कि क्या ये रिश्ता सच में सही है या वो सिर्फ 'गर्लफ्रेंड' कहलाने के लिए इस रिश्ते में है? रश्मिका और दीक्षित दोनों का अभिनय काबिल-ए-तारीफ है।

***लोगों ने ट्रेलर को दी हरी झंडी :*** 'द गर्लफ्रेंड' में दिखाया जाएगा कि हर प्रेम कहानी परियों की कहानी जैसी नहीं होती। कुछ रिश्ते हकीकत में उतने आसान नहीं होते, जितने फिल्मों में दिखाए जाते हैं।

# 31वें केआईएफएफ में 39 देशों की 215 फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**कोलकाता।** कोलकाता एक बार फिर सिनेमा के रंगों में रंगने को तैयार है। कला, संस्कृति और भावनाओं की राजधानी कहलाने वाला यह शहर 6 नवंबर से 31वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025) का गवाह बनेगा। आठ दिनों तक चलने वाले इस सिनेमाई उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धनधान्य स्टेडियम में करेंगी। हर साल की तरह इस बार भी आयोजन भव्य होगा, जिसमें भारतीय सिनेमा के साथ दुनिया भर की उत्कृष्ट फिल्मों की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में इस वर्ष कुल 39 देशों की 215 फिल्मों का प्रदर्शन होगा, जिनमें 185 फीचर फिल्में और 30 लघु फिल्में शामिल हैं।

***इस फिल्म से होगी शुरूआत :*** इसकी शुरूआत 1961 की क्लासिक 'सप्तपदी' से होगी, जिसका निर्देशन अजय कर ने किया था और जिसमें महान अभिनेता उत्तम कुमार व अभिनेत्री सुचित्रा सेन ने अभिनय किया था। अभिनेता परमब्रत चटर्जी और अभिनेत्री व सांसद जून मालिया इस बार मेजबान की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की पत्नी और प्रसिद्ध नृत्यांगना डोना गंगोपाध्याय अपनी विशेष नृत्य प्रस्तुति देंगी।




***18 भारतीय व 30 विदेशी भाषाओं की फिल्में:*** फिल्म महोत्सव में इस बार 18 भारतीय भाषाओं और 30 विदेशी भाषाओं की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कोंकणी, बोरो, तुलु और संथाली जैसी भाषाएं भी शामिल हैं, जिन्हें आमतौर पर बड़े प्लेटफॉर्म पर कम देखा जाता है।

***प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित :*** इस बार महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों की फिल्म प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और सिने अड्डा का भी आयोजन होगा, जिसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस साल नया नाम दिया है "गाने गाने सिनेमा"। इसमें निर्देशक, अभिनेता और तकनीशियन एक मंच पर बैठकर सिनेमा के भविष्य, बदलाव और रचनात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष का फिल्म महोत्सव कई दिग्गज कलाकारों और फिल्मकारों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम भी बनेगा।

## 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ

महान निर्देशक ऋत्विक घटक, अभिनेता गुरुदत्त, संतोष दत्त, फिल्मकार राज खोसला, संगीतकार सलिल चौधरी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता रिचर्ड बर्टन की शताब्दी मनाई जाएगी। वहीं, भारतीय सिनेमा के स्तंभ निर्माता-निर्देशक श्याम बेनेगल, अमेरिकी फिल्मकार डेविड लिंच, अरुण राय, राजा मित्रा और शशि आनंद को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं, रमेश सिप्पी की कालजयी फिल्म 'शोले' की 50वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें फिल्म से जुड़ी दुर्लभ झलकियां और किस्से पेश किए जाएंगे।

## 15 समकालीन फिल्मों का पहला प्रदर्शन

फिल्म महोत्सव में 15 समकालीन विदेशी फिल्मों का पहला प्रदर्शन होगा। इसी के साथ निर्देशक ऋत्विक घटक की कृतियों को समर्पित एक विशेष श्रृंखला भी रखी गई है। इसमें 'अयांत्रिक', 'मेघे ढाका तारा', 'बारी ते पालये', 'कोमल गांधार' और 'तितास एकटी नदीर नाम' जैसी कालजयी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। कोलकाता फिल्म महोत्सव के तहत शहर के 20 स्थलों पर फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। नंदन वन-टू, स्टार थिएटर, अजंता और मेनका हॉल जैसे प्रतिष्ठित सिनेमाघरों में दर्शकों को अलग-अलग भाषाओं में देख सकेंगें।

## शौकीन लोगों को देखने मिलेंगी एक से बढ़कर एक कहानियां

# नवंबर में रिलीज होंगी हॉरर से लेकर वॉर तक शानदार फिल्में

***मुंबई।*** *हर एक महीने के खत्म होने और नए महीने की शुरुआत के साथ लोगों को इस बात का इंतजार रहता है कि बड़े पर्दे पर उनके लिए क्या रिलीज किया जाने वाला है। अक्टूबर का महीना खत्म होने वाला है और जल्द ही नवंबर दस्तक देगा। इस महीने में फिल्म देखने के शौकीनों को एक से बढ़कर एक सरप्राइज मिलने वाले हैं। नवंबर का महीना अपने साथ एंटरटेनमेंट की बहार लेकर आने वाला है। सिनेमाघर में हिंदी भाषा में कुल मिलाकर 17 फिल्में रिलीज होंगी। इसमें बायोपिक ड्रामा से लेकर हॉरर सब कुछ शामिल है। चलिए जान लेते हैं कि नवंबर में आप सिनेमाघर में क्या-क्या देख सकते हैं।*

**वृषभ :** यह मलयालम भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में रिलीज किया जाने वाला है। ये फैंटेसी एक्शन ड्रामा नंदा किशोर के डायरेक्शन में बना है। इसे 6 नवंबर को रिलीज किया जाने वाला है।

**जटाधारा :** एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसमें शिल्पा शिरोडकर और सोनाक्षी सिन्हा जिसे कलाकार नजर आने वाले हैं। तेलुगु और हिंदी में इस फिल्म को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**इक्कीस :** श्री राम राघवन की यह फिल्म एक बायोपिक ड्रामा है। 7 नवंबर को इसे सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है। इस फिल्म में अगस्त्य नंद के साथ धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत नजर आएंगे।

**जस्सी वेड्स जस्सी :** रणवीर शौर्य अपनी इस शानदार फिल्म के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार है। इस कॉमेडी ड्रामा को 7 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।



**2020 दिल्ली :** देवेंद्र मालवीय फिल्म 2020 दिल्ली लेकर आ रहे हैं। ये सीएए प्रोटेस्ट के दौरान की कहानी है। इस दौरान जो दंगे हुए और लोगों का जो नुकसान हुआ उसे अप्रैल में 14 नवंबर को दिखाया जाएगा।

**120 बहादुर :** फरहान अख्तर ने अपनी फिल्म 120 बहादुर को लेकर काफी सुर्खियां बटोरी है। यह एक ऐतिहासिक वॉर पर आधारित कहानी है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसे 21 नवंबर को सिनेमाघर में रिलीज किया जाने वाला है।

**ये फिल्में भी मचाएंगी धूम :** इन फिल्मों के अलावा सीसु: रोड टू रिवेंज, मस्ती 4, काल त्रिघोरी, हांटेड 3D: घोस्ट ऑफ़ द पास्ट, गुस्ताख इश्क, जूटोपिया 2, तेरे इश्क में जैसी फिल्में रिलीज की जाने वाली है।

**द गर्लफ्रेंड :** इस फिल्म में आपको साउथ की मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की शानदार एक्टिंग देखने को मिलेगी। तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में इसे 7 नवंबर को देशभर के सिनेमाघर में रिलीज किया जाएगा।

**हक :** लंबे समय से बड़े-बड़े पजामी गौतम की कोई फिल्म देखने को नहीं मिली है लेकिन अब वह एक बार फिर वापसी करने को तैयार हैं। उन्हें सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में देखा जाने वाला है। यह भी 7 नवंबर को ही रिलीज होगी।

**दे दे प्यार दे 2 :** अजय देवगन की फिल्म तो आपने देखी ही होगी अब इसका दूसरा हिस्सा आने वाला है। रकुल प्रीत सिंह के साथ एक बार फिर एक्टर को इस रोमांटिक फिल्म में देखा जाने वाला है। 14 नवंबर को यह सिनेमाघर में रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त होने पर सहायक राजस्व निरीक्षक को दी गई विदाई



**बाराद्वार।** नगर पंचायत बाराद्वार में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षक कमल नारायण साहू के सेवा निवृत्ति अवसर पर 31 अक्टूबर को भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण कुर्रे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पुनीत वर्मा, पार्षद अजय सिंह राजपूत, अनिल यादव, भरत कर्ष, अमित बरेठ, पवन बंसल, श्रीमती आरती खुरसे, हेमंत साहू सहित नगर पंचायत के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने कमल नारायण साहू के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में निष्ठा और ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के अंत में उन्हें फूल माला पहनाकर साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई के दौरान भावनात्मक माहौल रहा।

### इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**हसौद।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न से अलंकृत स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेन्द्र भार्गव के नेतृत्व में ग्राम पेंड्री में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई । उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुरेन्द्र भार्गव ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेकर भारत की वैश्विक पहचान को सशक्त किया। उन्होंने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारतीय राजनीति में दृढ़ इच्छाशक्ति, निष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे, स्वतंत्रता संग्राम में उनका नेतृत्व और देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही, उनकी राजनीतिक इच्छा एक सशक्त, एकीकृत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बर्मन ने भी उनके योगदानों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हसौद के प्रवक्ता मोहन धिरहे एवं कार्यक्रम का आभार व्यक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव रमेश कश्यप ने किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भोजराम हरवंश,प्यारे साहू ,रमेश कश्यप, जगदीश निराला, कृष्णा पटेल, गिरी गोस्वामी ,जयंत महिलांगे, साहिल नारंग, विनोद लहरें सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## निधन

### महादेव सिंह



**जांजगीर-चांपा।** क्षत्रिय परिवार ग्राम महंत के वरिष्ठ नागरिक महादेव सिंह का शनिवार 1 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रानी पारा जांजगीर स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर राजपूत क्षत्रिय परिवार के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार जनों को संबल प्रदान किया।

### जगह-जगह दिख रहा सरिया, मरम्मत को लेकर विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा बसंतपुर और सलिहाघाट के मध्य महानदी पर बना पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बसंतपुर और सलिया घाट के मध्य में स्थित महानदी के ऊपर बना पुल जर्जर हो गया है। यह जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा , बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद ,रायपुर सहित कई जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसों के अलावा बड़े-बड़े भारी वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गढ़ा बन जाने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बसंतपुर और सलिहाघाट के मध्य में महानदी के ऊपर बने पुल समुचित देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में बहुत ज्यादा खराब हो गया है। इस पुल से जांजगीर चांपा, सक्ती, कोरबा , बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद, रायपुर सहित कई जिलों को जोड़ने वाला यह क्षेत्र का एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी भीमकाय वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना हजारों की तादाद में भारी भारी वाहनों के चलने से बसंतपुर और सलिया घाट के मध्य में महानदी के ऊपर में बने इस पुल में जगह-जगह बड़े बड़े गढ्ढा हो गया है। वाहन चालकों के द्वारा पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढा को बचाने के चक्कर में पुल के दाएं एवं बाईं दोनों तरफ बने रेलिंग को भी तोड़ दिया गया है। पुल के रेलिंग की टूटने के कारण राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पुल के ऊपर बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भर जाने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं दिया जिसके कारण वाहन चालकों के कई वाहन पलट चुके हैं। लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों से सांठ गांठ कर नियमों की अनदेखी करते हुए निम्न स्तर का सामान से पुल बनाया है। इसलिए महज कुछ ही सालों में पुल के ऊपर में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पुल में बने बड़े-बड़े गड्ढे हरपल दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। इस पुल से रोजाना हजारों लोगों के द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं। इसके बावजूद सेतु निगम के अधिकारी कर्मचारी मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। क्षेत्र के लोगों ने पुल मरम्मत के साथ पुल के ऊपर में डामर की मोटा परत चढ़ाने की मांग कर रहे है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो महानदी के ऊपर में बने पुल में बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पुल से होकर रोजाना आवागमन करने वाले वाहन चालकों ने जांजगीर चांपा जिला और सारंगढ़ जिला के कलेक्टर से पुल की शीघ्र ही मरम्मत करवाने की मांग की है।



पुल के ऊपर जगह-जगह बना गड्ढा व दिख रहा सरिया।



# नशे के दुष्प्रभावों से ग्रामीणों को कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- ग्राम मधुवा में नशामुक्ति रैली एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ग्राम मधुवा में नशामुक्ति अभियान और महिला सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह रैली के रूप में हुई, जिसमें गाँव के महिलाओ, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, गांव के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर "नशा छोड़ो जीवन सुधारो", "महिला सशक्त समाज की पहचान", और "शिक्षा है प्रगति की कुंजी" जैसे नारे लगाकर जनजागरण किया। रैली के पश्चात ग्राम में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति राजेंद्र क्षत्रिय पुलिस चौकी प्रभारी कोटमी सोनार अध्यक्षता पंकजा सिंह जनपद सदस्य विशिष्ट अतिथि महादेव नेताम जिला पंचायत सदस्य गांव के सरपंच सुरेश सरूता, उपसरपंच, पंच, समाजसेवक छोटू कश्यप,मोहन कश्यप उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में नशे के कारण समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए नशामुक्त जीवन जीने का संदेश दिया। महिला सशक्तिकरण सत्र के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और यह बताया कि आत्मनिर्भरता से कैसे परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उपस्थित महिलाओं ने स्वरोजगार, शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनने के साथ ही "नशामुक्त ग्राम – सशक्त समाज" का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी चिराग शर्मा व आभार प्रदर्शन दीपक साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी शरद सिंह बनाफर, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं व महिलाओं का योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष देवांगन का स्वागत



**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य गिरीश देवांगन अल्प प्रवास पर पामगढ़ पहुंचे , जहां पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री घासीराम चौहान के नेतृत्व में स्थानीय डॉ भीमराव आंबेडकर चौक में आतिशबाजी कर फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं पार्टी की मजबूती के लिए गांव गांव जाकर आम नागरिकों से सतत सम्पर्क स्थापित करने का आग्रह किया। इस दौरान नारायण खंडेलिया, आलोक चंद्राकर, कुशल कश्यप, दिनेश थवाईत, उदल कश्यप, योगेश बघेल,अनिल बघेल,नरेश कश्यप, विजय यादव, आकाश यादव, जितेंद्र मनहर, राजा दिनकर, नागेश कश्यप, सनीच कश्यप, कौशल कश्यप, शिखर कौशिक, मोहना, चंद्रप्रकाश अंनत, अनिल साहू, घनश्याम कश्यप सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मानस गायन में जय भोलेनाथ मानस मंडली रिसदा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

- चयनित 12 मानस मंडलियों ने लिया भाग, उत्कृष्ट प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

ग्राम तुस्मा में आयोजित नवधा रामायण समारोह का समापन शुक्रवार रात्रि को हुआ। फाइनल प्रतियोगिता में जय भोलेनाथ मानस मंडली, रिसदा ने प्रथम स्थान हासिल कर परंपरा, भक्ति और उत्कृष्ट प्रस्तुति का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन कथा पर आधारित यह नवधा रामायण समारोह पिछले नौ दिनों से पूरे उत्साह और धर्मभाव के साथ आयोजित किया जा रहा था। दूर-दूर से आए विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी स्वर-लहरियों, रामचरितमानस के अखंड पाठ और सुंदर झांकी के माध्यम से दर्शकों को रामभक्ति के सागर में डुबो दिया। शुक्रवार 31 अक्टूबर की रात 8 बजे से प्रारंभ हुए फाइनल आयोजन में ग्रामवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। फाइनल मुकाबले के दौरान मंच पर उपस्थित दर्शकों की तालियां, जयकारे और उत्साह से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा। समारोह में चयनित सभी 12 मानस मंडलियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन निर्णायक मंडल ने निर्धारित मानकों भाव,गायन शैली, प्रस्तुति की अनुशासनता, ताल-स्वर की सटीकता और रामायण प्रसंगों की मर्यादा के आधार पर विजेताओं को चुना। प्रथम जय भोलेनाथ मानस मंडली रिसदा, द्वितीय महर्षि वाल्मीकि आश्रम मानस मंडली तुरतुरिया, तृतीय पुष्पा मानस मंडली परसदा, चतुर्थ श्री बालाजी मानस मंडली कटही, पंचम ममता मानस मंडली कोरबा, षष्ठम श्वेता मानस मंडली किकिरदा, सप्तम श्री नवदुर्गा मानस मंडली लोहरकोट, अष्टम प्रखर प्रशा मानस मंडली अछोरा, नवम सुलेखा मानस मंडली शिवरीनारायण, दशम जीवन ज्योति मानस मंडली सेन्द्रश, एकादश सुर मधुर मानस मंडली खैरागढ़, द्वादश रमेश मानस मंडली पेंड्री रही। फाइनल में विजय प्राप्त करने वाली रिसदा की टीम ने भगवान श्रीराम के वनवास और सीता-हरण प्रसंग को इतनी आत्मीयता और लयबद्धता से प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागी मानस मंडलियों को सम्मानित किया गया, जिससे स्थानीय कलाकारों में उत्साह और बढ़ा।



विजेता मानस मंडली को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्योता भोज

**अकलतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंधियारी पाठ अकलतरा में न्योता भोज का आयोजन श्रीमती गीता सावलानी सेवानिवृत्त शिक्षिका कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के द्वारा किया गया । सेवानिवृत शिक्षिका के द्वारा शाला का भ्रमण करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य एवं नैतिक शिक्षा पर बच्चों से चर्चा की गई। प्रधान पाठक छेदीलाल शर्मा न्योता भोज के लिए अंधियारी पाठ विद्यालय को चुनने के लिए श्रीमती गीता सावलानी का आभार व्यक्त करते हुए समाज के संपन्न वर्ग से आग्रह किया कि वे अपने परिवार की खुशी के अवसर पर आसपास के विद्यालयों को शामिल करें जिससे विद्यार्थियों में समुदायिकता के महत्व का बोध हो साथ ही उन्हें पौष्टिक भोजन भी मिल सके।उपस्थित सभी बच्चों ने भोजनावकाश में भोजन मंत्र के साथ आंशिक न्योता भोज का स्वाद लिया।



## पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने पेंशनरों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

पेंशनरों ,परिवार पेंशनरों के सेवा सुरक्षा के लिए सतत क्रियाशील भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में संभाग स्तरीय पेंशनर्स अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया।

अभ्यास वर्ग का विधिवत उद्घाटन वरिष्ठ पेंशनर डॉ व्ही के अग्रवाल सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रकाश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के विशिष्ठ आतिथ्य में भारत माता की पूजा अर्चना कर किया गया। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागी पेंशनरों को संबोधित करते हुए डॉ व्ही के अग्रवाल ने कहा कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ पेंशनरों के हितों के लिए न केवल संघर्ष कर रहा है अपितु राष्ट्र हित और समाज हित में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। विभिन्न आयामों को जन समुदाय के बीच लाने के लिए पेंशनरों का अभ्यास वर्ग आयोजित कर रहा है। पेंशनरों को अभ्यास वर्ग के माध्यम से नई नई जानकारियां दे रहा है। विशिष्ठ अतिथि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने पेंशनर एवं परिवार पेंशनर की सेवा ,सहायता करके समाज में एक विशेष स्थान बनाया है। उद्घाटन सत्र के पश्चात विषयगत सत्र प्रारंभ किया गया। प्रथम सत्र में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमति द्रौपदी यादव ने पेंशनर और महिला सशक्तिकरण पर विविध जानकारियां दी। प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के संगठनात्मक संरचना की जानकारी दिया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष बी एस दशमेर ने वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दिया। वरिष्ठ पेंशनर ओम प्रकाश साहू ने पेंशनर और सामाजिक समरसता विषय पर जानकारी दी। अंतिम विषयगत सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर देवांगन ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना भारत के हर नागरिक का पहला कर्तव्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, तकनीकी आदि समस्त क्षेत्रों में भारत को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है।



## सिद्ध हनुमान मंदिर में मनाई गई देव उठनी एकादशी

**तनौद।** देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर पामगढ़ ब्लॉक अंतर्गत तनौद सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में गौमाता की पूजा आरती किया गया और भोजन प्रसाद बनाकर खिलाई गईं। तत्पश्चात गन्ना त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी महारानी शालीग्राम महराज की विवाह कार्यक्रम मनाया गया तुलसी विवाह के पश्चात गौ माता की पूजा आरती कर भोजन प्रसाद खिलाकर गौ माता का समस्त ग्रामवासी एवं आचार्य पवन शर्मा हितेश्वरी शर्मा सपत्नि, संध्या शर्मा, हिमांशु शर्मा, योगेश शर्मा, हेमलता शर्मा जनप्रतिनिधियो ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत तनौद के सरपंच श्रीमती रजनी महावीर साहू योगेन्द्र ,चांदनी साहू उपस्थित थे। राजकुमारी साहू, हेमलता, श्रीमती कृष्णा देवांगन, काजल देवांगन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# भव्य कलश यात्रा के साथ अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- रायगढ़ के युवती-महिलाओं द्वारा कर्मा नृत्य ने मोहा बस्तीवासियों का मन

भगत चौक पुरानी बस्ती जांजगीर में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा भगत चौक यज्ञ स्थल से कीर्तन मण्डली के साथ सड़क पारा, बरमबावा मंदिर, कहरा पारा होते हुए भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब पहुंची। यज्ञ के लिए लगभग 250 से अधिक महिलाओं, युवती व छोटी-छोटी बालिकाओं ने अपने सिर में कलश ऊठाया था और वो भजन, कीर्तन एवं भव्य कर्मा नृत्य के साथ-साथ चल रही थी। कलश यात्रा के सामने में भगत चौक की कीर्तन मण्डली द्वारा राम नाम का भजन गाया जा रहा था। वहीं पीछे-पीछे कलश यात्रा चल रही थी। कलश यात्रा भीमा तालाब के घाट पहुंची, जहां वरूण कलश की पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा संकीर्तन पुनः बरमबावा मंदिर, सडक पारा होते यज्ञ स्थल पहुंची।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड क्रमांक 11 में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 63 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल से अधिक पुराने विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 64 वें वर्ष में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ देव आवाहन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन व देव मूर्तियों की झांकी स्थापना के साथ हुआ। भगत चौक के आचार्य पं. रामबिलास उपाध्याय, विनोद उपाध्याय (भागवताचार्य) एवं उनके परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करा राम नाम का जयकारा लगवाते हुए अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद पूरे भगत चौक के लोगों द्वारा राम नाम का जाप प्रारंभ किया गया। राम नाम का जाप पूरे सात दिन और सात रात लगातार किया जाएगा। साथ ही जिले व अन्य युवाओं में दिख रहा भारी उत्साह वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखने के लिए 63 वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बुजुर्गों से कहीं ज्यादा युवा वर्ग में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। युवा टोली इस वर्ष आयोजन शुभारंभ के महीने भर पहले से ही तैयारी में जुटी हुई थी। वहीं कलश यात्रा के दौरान युवा पीले एवं भगवा रंगे के कपड़े में भगवान श्रीराम एवं राधे कृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आए।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।




